अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 26 अक्तूबर 2021
कार्तिक कृष्ण पंचमी षष्ठी
विक्रम संवत 2078

Page No :10 Middle

क्रिकेट : राधा माधव और मिशन स्कूल क्वार्टर फाइनल में

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को दूसरे दिन दो मैच खेले गए। राधा माधव और मिशन स्कूल ने अपने अपने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

पहला मैच मिशन पब्लिक स्कूल और आदर्श निकेतन स्कूल के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरी मिशन पब्लिक स्कूल की टीम ने 20 ओवर में 152 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आदर्श निकेतन स्कूल की टीम 54 रन पर ही ढेर हो गई।

गेंदबाजी में मिशन स्कूल के कप्तान आरिश और ऑलराउडर असद ने 4-4 विकेट झटके। 94 रनों के साथ जीत दर्ज कर मिशन पब्लिक स्कूल ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया

मिशन स्कूल के असद हुसैन और राधा माधव के अनिल रहे मैन ऑफ द मैच

किया। मिशन स्कूल के असद हुसैन को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

दूसरे मैच राधा माधव और सेक्रेट हार्ट्स स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें सैक्रेड हार्ट्स की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 70 रन पर सिमट गई। राधा माधव स्कूल की तरफ से गेंदबाजी में अनिल गंगवार ने चार ओवर में 9 रन देकर 4 विकेट लिए।

निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए राधा माधव ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने पर अनिल गंगवार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में अंपायर की जिम्मेदारी मो. फैजान और राजीव सैनी ने निभाई।